पेंच टाइगर रिजर्व के बफर जोन के कुंभपानी रेंज का मामला

# बाघ के हमले से युवक की मौत



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 अप्रैल. बुधवार पेंच टाइगर रिजर्व के बफर जोन कुंभपानी रेंज के अंतर्गत थोटा सर्किल के रमपुरी के बीट में बाघ ने एक युवक पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई. दोपहर के समय ग्राम थोटाा निवासी महेंद्र उर्फ महेश पिता शंभू माड़ेकर अपने साथी के साथ महुआ बीनने के लिए ग्राम से लगे जंगल की ओर गया था तब बचानक बाघ ने उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई..**

महेन्द्र उर्फ महेश पर पर बाघ के द्वारा हमला करने की सूचना शंभू नामक व्यक्ति ने वन अमले को दी जिसके बाद अमले के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच तफ्तीश किया और उक्त बात की सूचन उच्च अधिकारियों को दी. सूचना मिलने पर एसडीओ अतुल पारधी , कुंभपानी परिक्षेत्र अधिकारी मार्तंड सिंह मरावी एवं थाना बिछुआ पुलिस मौके पर पहुंची. घटना स्थल पर पंचनामा तैयार कर तत्काल मृतक का शव परिक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछुआ में करावा कर शव दहा संस्कार के लिए परिवार जनों को सुपुर्द कर जांच कर मुवाजे के लिए कैश तैयार कर शासन को भेजें। ज्ञात हो कि बुधवार को पुलिस थाना प्रभारी सतीश उईके के द्वारा बताया गया कि थोटा के जंगल में बाघ के हमलें कि जानकारी मिली थी तस्दीक करने पर मृतक के पिता के बयान के आधार पर बाघ को देखने और मृतक के शव का अलग-अलग होने से और वन विभाग के एक्सपर्ट के द्वारा भी बाघ का हमला होने कि संभावना है।

## मृतक के पिता जंगल में देखा बाघ

*मृतक के पिता ने बताया कि रोज कि तरह महेंद्र 8:30 बजे महुआ बीनने गया था जब 12 से 1 बजे तक वह घर वापस नहीं आया तो पिता को चिंता हुई और जिस ओर वह महुआ बीनाकरते थे वहां जाकर तो देखा कि पेड़ के पास बाघ कुछ खा रहा है और बाघ को जैसे ही किसी के पास होने का अभाष हुआ तो बाघ ने पहले दहाड़ लगाई जिससे शंभू सहम गया और हिम्मत जूटाकर हमल लोगों ने हल्ला गुल्ला किया जिससे बाघ वहां से भाग गया तब वन विभाग पहुंचा। और आगे कि कार्यवाही एवं जांच में लिया गया।*

## इनका कहना है

मुझे परिक्षेत्र के अधिकारी से मोबाइल के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी मौके पर देखकर बाघ के द्वारा हमला दिखाई पड़ता है मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जो भी उचित मुआवजा है वह परिवार को दिया जावेगा।


**अतुल पारधी**
**एसडीओ बफर जोन छिंदवाड़ा**

मुझे जैसे स्टाफ से जानकारी प्राप्त हुई तो उच्च अधिकारी को अवगत कराया और मार्गदर्शन लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर जांच किया शव को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछुआ रवाना किया है जैसे हि डाक्टर से रिपोर्ट स्पष्ट होती है तो शासकीय प्रक्रिया के पश्चात मुवाजे का जो भी प्रावधान है जल्दी ही दिया जावेगा।

**मार्तंड सिंह मरावी**
**परिक्षेत्र अधिकारी बफर जोन कुंभपानी**

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में 4 प्रस्ताव पारित

## दुकानों के आरक्षित मूल्य में कमी और सड़क निर्माण कार्यों में बदलाव के लिए गए महत्वपूर्ण फैसले



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 अप्रैल. बुधवार को महापौर विक्रम सिंह अहके की अध्यक्षता में नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। लगभग एक घंटे तक चली इस बैठक में चार महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिन्हें सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई. बैठक में कचरा शुल्क में 50 प्रतिशत तक कटौती के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया गया, चूंकि इस प्रस्ताव का सीधा संबंध निगम की आय से है, इसलिए इसके वित्तीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इसे अंतिम निर्णय के लिए शासन को भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।**

दूसरे प्रस्ताव के अंतर्गत प्रताप शाला कॉम्प्लेक्स की प्रथम तल स्थित 8 दुकानों के आरक्षित मूल्य को कम करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2012 से 2021 के बीच इन दुकानों के आवंटन के लिए 15 बार निविदाएं आमंत्रित की गईं, लेकिन एक भी दुकान का आवंटन नहीं हो सका। इसका प्रमुख कारण दुकानों का अधिक आरक्षित मूल्य माना गया। अब इन दुकानों के आरक्षित मूल्य में 15 प्रतिशत तक कमी कर उनके आवंटन एवं हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

### दुकानों का आरक्षित मूल्य 15 प्रतिशत कम

तीसरे प्रस्ताव में नगर निगम के माल धक्का कॉम्प्लेक्स की दुकानों के आरक्षित मूल्य में भी कानूनी प्रावधानों के तहत अधिकतम 15 प्रतिशत तक कमी करने का निर्णय लिया गया। इन दुकानों के लंबे समय से खाली पड़े रहने के कारण निगम को राजस्व हानि हो रही थी। इस निर्णय से अब इन संपत्तियों के उपयोग और आय में वृद्धि की संभावना है।

### डामरीकरण सड़क निर्माण किया जाएगा

चौथा प्रस्ताव 'मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना' (चतुर्थ चरण) के अंतर्गत लंबित सड़क निर्माण कार्यों से संबंधित रहा। इस योजना के तहत 817.25 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी। कुल 18 कार्यों में से 15 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 3 कार्य तकनीकी समस्याओं के कारण लंबित हैं। तकनीकी डिजाइन (DLC 0.10 मीटर) के अनुसार निर्माण करने पर सड़कों की ऊंचाई अधिक हो जाने से आसपास के घरों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका है। साथ ही, पुरानी सड़कों को हटाकर पुनर्निर्माण करने से आसपास के मकानों को नुकसान पहुंचने का भी खतरा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए जहां आवश्यक हो, वहां सीसी रोड के स्थान पर बी.टी. (डामरीकरण) सड़क निर्माण करने का निर्णय लिया गया। राम मंदिर के पीछे से फर्नीचर हाउस तक जाने वाले संकरे मार्ग पर निर्माण कार्य को निरस्त किया गया, जबकि राजपाल चौक से पाटनी टॉकीज चौक तक सड़क निर्माण के विषय में 171 बीएलसी की स्वीकृति प्रदान की गई।

## जहर सेवन से महिला की मौत

**छिंदवाड़ा।** चांद थाना क्षेत्र के आमगांव में बुधवार को जहर सेवन से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से महिला परेशान चल रही थी। जानकारी अनुसार लक्ष्मी पति फस्ते कनौजिया उम्र 54 साल आमगांव की रहने वाली है। वह कुछ दिनों परेशान चल रही थी। बुधवार की सुबह उसने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। परिजनों ने उल्टियां होते देख उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# दुष्कर्मी नाना को शेष जीवन तक कारावास की सजा

## नाबालिग नातिन के साथ किया था दुष्कर्म, सनसनीखेज मामले में फैसला



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 अप्रैल. नाबालिग नातिन के साथ दुष्कर्म करने वाले सनसनीखेज प्रकरण में विचारण के बाद अपर सत्र न्यायालय ने दुष्कर्मी नाना को शेष प्राकृत जीवन पर्यन्त आजीवन कारावास एवं 22000 रू. के अर्थदण्ड से दंडित किया. 20 नवंबर 2022 को डायल 100 में इवेंट प्राप्त हुआ कि 14 वर्षीय नाबालिग बालिका ने बच्चे को जन्म दिया है.**

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ातल में जुट गई. जांच में यह सामने आया कि नाबालिग और उसकी जुड़वा बहन को उसके माता पिता ने मक्का तुडाई के लिए नाना नानि के घर छोड़ दिया था तब एक दिन रात्रि में जब वह अपनी नानी व बहन के साथ सो रही थी तब नाना उसे अपनी गोदी में उठाकर दूसरे कमरे में ले गये और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया और कहा कि यह बात किसी को बताई तो मारकर आम के पेड पर लटका ढुंगा। इसीप्रकार 4-5 बार उसके नाना रात्रि में दूसरे कमरे में ले जाकर उसके साथ गलत काम करते थे। एक माह बाद उसके नाना उन दोनों बहनों को उनके गांव छोडने आये जब पीडिता के माता पिता काम करने बाहर गये थे तब भी आरोपी नाना ने पीडिता के साथ चार-पांच बार गलत काम किया। इसीप्रकार जब वह अपनी मौसी के गांव गई हुई थी वहां भी उसके नाना आये हुये थे वहां भी उसके नाना ने उसके साथ गलत काम किये जिससे वह गर्भवती हो गई। एक दिन रात्रि में पेट दर्द हुआ और उसे सुबह-सुबह डिलीवरी हो गई। उक्त मामले में थाना रावनवाड़ पुलिस ने आरोपी नाना फागलाल उइके उम्र 58 वर्ष को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जहां अपर सत्र न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे परासिया ने आरोपी फागलाल उइके को धारा 506 भादवि में 02 वर्ष का कठोर कारावास व 2000 रू अर्थदंड एवं धारा 5 (एल) (एन) (जे) (11)/6 पॉक्सो एक्ट में शेष प्राकृत जीवन पर्यन्त आजीवन कारावास एवं 20000/-रू. अर्थदण्ड से दंडित किया । उक्त प्रकरण में शासकीय अधिवक्ता श्रीमती निर्जला मर्सकोले और थाना रावनवाड़ा के उनि मुकेश डोंगरे ने विवेचना की थी.

# गैस नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं ने गैस गोदाम में किया हंगामा

## गैस नही मिलने से हो रहे परेशान, अधिकारियों ने पहुंचकर बनाई व्यवस्था



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 अप्रैल शहर में गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर्याप्त होने के बावजूद वितरण व्यवस्था बिगड़ने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परासिया नाका और शक्ति नगर क्षेत्र में समय पर सिलेंडर डिलीवरी नहीं होने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उपभोक्ताओं ने हंगामा कर दिया।**

गुस्साए उपभोक्ता सीधे गोदाम पहुंच गए, जहां उन्होंने एजेंसी संचालकों के खिलाफ जमकर विरोध जताया। लोगों का आरोप था कि समय पर डिलीवरी नहीं होने से उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि बुकिंग पहले से की जा चुकी है। मामले की जानकारी लगते ही आपूर्ति विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए और व्यवस्था सुधारने के लिए तुरंत कदम उठाए। लंबित बुकिंग को कम करने के लिए एक ही दिन में 2600 से ज्यादा गैस सिलेंडर की डिलीवरी कराई गई। यह डिलीवरी प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में सुनिश्चित कराई गई, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने तीनों तेल कंपनियों की गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि होम डिलीवरी नियमित रूप से की जाए और डिलीवरी पॉइंट पर वाहन तय समय पर पहुंचें। आमतौर पर जहां रोजाना करीब 1500 सिलेंडर की डिलीवरी होती थी, वहीं विशेष प्रयासों के चलते 2607 सिलेंडर वितरित किए गए। प्रशासन का कहना है कि आगे ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई कर जब्त किए दो सिलेंडर

**छिंदवाड़ा.** शहर में स्थित प्रतिष्ठान खान होटल पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के संबंध में जांच की गई। जांच टीम में सहायक अधिकारी चौरई राघवेन्द्र सिंह लिल्हारे, अमरवाड़ा एवं बिछुआ के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान खान होटल के संचालक शारीक खान पिता अकबर खान के यहां से 02 नग आंशिक भरे घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, जिनका अनुमानित मूल्य 4664 रुपये आंका गया। घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से संग्रहण एवं दुरुपयोग पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा सिलेंडरों को जब्त किया गया। इसके अलावा जांच दल द्वारा अन्य प्रतिष्ठानों जैसे टीटू ढाबा, भाऊ ढाबा, आदिल होटल, हलहम होटल एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित दुकानों की भी जांच की गई.

# चौरई क्षेत्र में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे

## आगामी तीन दिनों में ऐसा ही रहेगा मौसम, आसमान में बादल छाए रहने की संभावनाए

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 अप्रैल.मौसम ने पिछले तीन दिनों से करवट ली है। आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया है। सूर्यदेव दिन भर आंख मिचैली खलते रहे। कभी एक दम कड़क धूप, तो कभी बादलों में छिपकर ठंडक पहुंचाना। दिन भर इसी तरह का दौर चलता रहा।**

हालांकि समय समय पर सूर्य अपनी तपन से लोगों को परेशान करते रहे है। मौसम के करवट लेने से पारा में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिन का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया हैं। वही रात का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस पर है। इस तरह दिन के तापमान में उछाल आया है। बुधवार को चौरई क्षेत्र के हिस्सों में आंधी तूफान के बाद ओले गिरे है। ओले गिरने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दी। बता दें कि पिछले तीन दिनों से इसी तरह का मौसम बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक संत कुमार शर्मा की मानें तो अगले तीन दिन और इसी तरह का मौसम रहेगा। पश्चिमी विछोव और उत्तरी भाग में चक्रवाती परिसंचरणा के कारण मौसम में परिवर्तन के हालात बने है। ऐसे में बारिश होने की संभावना बन रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले चार पांच दिन इसी तरह का मौसम रहेगा। आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है।

### किसानों को बरतना होगी सावधानी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जिन किसानो की गहूं या चने सहित अन्य फसल पूरी तरह पक चुकी है। ऐसे किसान जल्द कटाई कर फसलों को सुरक्षित कर लें। उसके बाद मौसम को देखते हुए गाहनी कर लें। फसल को सुरक्षित स्थान पर रख रख दे। यह बारिष उड़द और मूंग सहित अन्य गर्मी की फसलों के लाभदायक है।

## आज सिद्ध सिमरिया धाम में पूजा अर्चना करेंगे कमलनाथ व नकुलनाथ, -शोकाकुल परिवारजनों के बीच पहुंचेंगे नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ा.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सिद्ध सिमिरिया धाम पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का आज प्रात: 9.45 बजे विशेष वायुयान से इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संकट मोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर विशेष पूजन अर्चन व अभिषेक करेंगे। नेताद्वय पूजा अर्चना कर जिले, नगर, प्रदेश व देशवासियों के लिए संकट मोचन हनुमान जी महाराज से संकट हरने सुख, शांति व बल बुद्धि की कामना करेंगे। सिद्ध सिमरिया धाम में पूजा अर्चना के उपरांत कमलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। पूर्व सांसद नकुलनाथ गत दिवस छिन्दवाड़ा-नागपुर नेशनल हवाई स्थित ग्राम चिखली के समीप हुई भीषण दुर्घटना के शोकाकुल परिवारजनों के निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। दुर्घटना के घायलों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य के सम्बंध में चर्चा करेंगे। विदित हो कि भीषण सड़क दुर्घटना के चलते हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले अन्य आयोजनों को निरस्त करते हुए हनुमान जन्मोत्सव को सादगी से मानने का निर्णय लिया गया है।

**राजनिति**

अब शासन के पाले में गेंद फेंक दी, जनता को लगातार गुमराह कर रही भाजपा की शहर सरकार

# भाजपा की सरकार में छूट नाम का कोई शब्द नहीं, लूट का है बोलबाला : सोनू मागो



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 अप्रैल. भाजपा की सरकार में आम जनता के लिए छूट और राहत नाम का कोई शब्द नहीं। इनकी शब्दावली में सिर्फ लूट ही शामिल है जिसका बोलबाला है। भाजपा शासित नगर निगम की मनमानी व जनविरोधी कार्यप्रणाली व भ्रम फैलाना एक बार फिर सामने आया है।**

पहले तो बिना जन-सहमति व ठोस आधार के स्वच्छता कर सालाना 120 रुपए से बढ़ाकर सीधे 1200 रुपए जनता पर थोप दिया। शहर की जनता के ऊपर सीधे 10 गुना आर्थिक बोझ डाला। पुन: एमआईसी की बैठक में स्वच्छता कर को घटाकर 600 रुपए करने का प्रस्ताव पास कर जनता के बीच झूठी वाहवाही लूटी, लेकिन इनका षड्यंत्र झूठ पकड़ा गया, जब ननि के द्वारा स्वच्छता कर कम करने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा। श्री मागो ने आगे कहा कि वर्ष 2026-2027 में नगर निगम क्षेत्र की जनता से वसूले जाने वाले टैक्स को 600 रुपए करने का जब प्रस्ताव पास नहीं हुआ था। प्रस्ताव पर मुहर नहीं लगी थी तो फिर भाजपा ने जनता के बीच झूठ क्यों बोला। झूठ और भ्रम की राजनीति करने वाली भाजपा का एक बार फिर चेहरा बेनकाब हो चुका है। कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा सतत रूप से स्वच्छता कर बढ़ाए जाने का विरोध किया गया इसके बाद भी ननि ने स्वच्छता कर बढ़ाया। कांग्रेस द्वारा किए गए आंदोलन व सतत विरोध के बाद जब जनता में भी आक्रोश बढ़ा तो भाजपा ने स्वच्छता कर को 600 रुपए करने की अफवाह फैला दी, लेकिन इनकी पोल उस वक्त खुल गई जब ननि कमिश्नर ने टैक्स को कम करने का प्रस्ताव शासन को भेजा यानि आज दिनांक तक भाजपा जनता से कोरा झूठ बोल रही थी।

### सुविधाओं पर नही कर पर है ध्यान

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मागो ने आगे कहा कि नगर निगम का सुविधाओं पर नहीं बल्कि टैक्स पर अधिक ध्यान है और झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करने पर। बुधवार को सम्पन्न एमआईसी की बैठक में 17 मार्च को सम्पन्न एमआईसी में अतिरिक्त प्रस्ताव क्रमांक 4 जिसमें उपभोक्ता प्रभार कचरा शुल्क 1200 से घटाकर 600 रुपए किए जाने के सम्बन्ध में आयुक्त नगर निगम द्वारा उक्त प्रकरण मप्र नगर पालिका मेयर इन काउंसिल के कामकाज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियों एवं कर्तव्यों नियम, 1998 के नियम 11 कामकाज का संचालन नियम 12(3) के तहत पुनर्विचार किए जाने हेतु प्रत्यावर्तित किया गया है। इस प्रस्ताव से स्पष्ट है कि पहले भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने जनता पर टैक्स का बोझ डाला, और अब एमआईसी को अधिकार नहीं होने के बाद भी टैक्स कम करने का ढोंग कर रहे है। श्री मागो ने कहा कि जनता से 600 नहीं बल्कि पूर्व की तरह ही 120 रुपए ही स्वच्छता कर वसूला जाना चाहिए अन्यथा कांग्रेस जनहित में सतत रूप से विरोध प्रदर्शन करती रहेगी।


पुण्यश्री पंचकर्म एवं वेलनेस
डॉ. संध्या साहू
बीएएमएस, नासिक (आयुर्वेदाचार्य)
• महिलाओं की समस्याएं • त्वचा रोग • मोटापा व जीवनशैली रोग • मानसिक व स्नायु रोग पाचन तंत्र संबंधी रोग • श्वसन तंत्र रोग • हड्डी एवं जोड़ों के रोग




एचडीएफसी बैंक के पास, परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र) | संपर्क करें :-9669555712

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589